न्यायालय सहायक कलक्टर प्रथम श्रेणी / परगनाधिकारी, बेहट

वाद सं0 08 /2007

डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद मैमोरियल ऐजुकेशन सोसायटी बनाम सरकार

वाद अन्तर्गत धारा 143 ज0 वि0 अधि0
बाबत ग्राम थापल इस्माईलपुर परगना मु0बाद
तहसील - बेहट, जिला - सहारनपुर

आदेश

प्रश्नगत वाद की कार्यवाही डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद मैमोरियल ऐजुकेशन सोसायटी द्वारा चैयरमैन इन्दर सिंह सागवान पु0 बीरबल सिंह सागवान नि0 सुन्दरपुर परगना मु0बाद तहसील बेहट जिला सहारनपुर के प्रार्थना पत्र पर प्रारम्भ हुई जिसमें कथन किया गया कि खसरा नम्बर 2380 रकबा 0.4716हे0 व 2381 रकबा 0.4697हे0 व 2310 रकबा 0.1150हे0 व 2311 रकबा 0.1243हे0 ग्राम स्थित थापल इस्माईलपुर परगना मुजफ्फराबाद तहसील बेहट जिला सहारनपुर के 1.1806हे0 रकबे के वह मालिक व काबिज हैं जो कृषि कार्य में प्रयोग में नहीं आ रही है बल्कि आबादी शिक्षण संस्था के प्रयोग में लायी जा रही हैं। अत: उक्त रकबे को धारा 143 ज0वि0 अधि0 के अन्तर्गत अकृषिक घोषित किया जावे। प्रार्थना पत्र की जाँच तहसीलदार बेहट द्वारा कराई गई। उनकी जाँच आख्या दिनांक 02.06.07 पत्रावली पर उपलब्ध है जिसके अनुसार खसरा नम्बर 2380 रकबा 0.4716हे0 व 2381 रकबा 0.4697हे0 व 2310 रकबा 0.1150हे0 व 2311 रकबा 0.1243हे0 कुल 1.1806हे0 के प्रार्थी संक्रमणीय भूमिधर हैं। जिसका वार्षिक लगान 33.57पैसे है। इस क्षेत्रफल पर मौके पर निर्माण कार्य प्रारम्भ है तथा कृषि कार्य नहीं हो रहा है जिस कारण उक्त रकबे को अकृषक भूमि घोषित किये जाने की संस्तुति की गयी है।

पत्रावली पर उपलब्ध तहसीलदार बेहट की आख्या दिनांक 02.06.07 के अनुसार प्रश्नगत भूमि / क्षेत्रफल वर्तमान में कृषि कार्य के प्रयोग में नहीं लायी जा रही है। बल्कि आबादी शिक्षण संस्था प्रयोजनार्थ निर्माण कार्य चल रहा है। अत: खसरा नम्बर 2380 रकबा 0.4716हे0 व 2381 रकबा 0.4697हे0 व 2310 रकबा 0.1150हे0 व 2311 रकबा 0.1243हे0 कुल 1.1806हे0 लगान 33.57पैसे वार्षिक स्थित ग्राम थापल इस्माईलपुर परगना मुजफ्फराबाद तहसील बेहट को अकृषक घोषित किया जाता है तथा दर्ज लगान 33.57 पैसे समाप्त किया जाता है। आदेश की प्रतिलिपि तहसीलदार एवं उपनिबन्धक बेहट को भेजी जाये तथा बाद आवश्यक कार्यवाही पत्रावली दाखिल दफ्तर की जावे।

दिनांक: 08 जून, 2007

8/6/07

(डॉ0 नीरज शुक्ला)
सहायक कलक्टर प्रथम श्रेणी /
परगनाधिकारी, बेहट